कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री प्रमोद कुमार आर्य C/o आर्य इलेक्ट्रीकल्स, सोमनाथ नगर, दौसा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा व
प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा कलक्ट्रेट दौसा जिला दौसा

अपील सं0 46/2019

निर्णय दिनांक : 30.10.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी व जिला कलक्टर जयपुर से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र राज्य लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर प्रथम) प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा, जयपुर, कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर के पत्रांक 4072 दिनांक 26.08.2019 द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) दौसा को अन्तरण किया गया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा व प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा कलक्ट्रेट दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/2352–53 दिनांक 10.10.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा द्वारा उनके पत्रांक आर18ए(6) 2008/5851 दिनांक 15.10.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना पत्र के संलग्न दो प्रतियों मे लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) जिला दौसा को भिजवाई गई है। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2019/930 दिनांक 17.10.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया कि आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसकी छायाप्रति भी संलग्न भिजवाई गई है। उक्त पत्रादि पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Date: 2019.11.08 15:33:36 IST
Reason: SelfAttested